प्रेस नोट ***08/12/2024***

<u>महिला एच्छिक ब्यूरो के प्रयास से 02 दंपती साथ साथ रहने को हुए राजी, 49 मामलों में से 12 मामलों का हुआ निस्तारण-</u>

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में आज दिनांक 08.12.2024 को महिला एच्छिक ब्यूरो की बैठक पुलिस कार्यालय में सम्पन्न हुयी। इस दौरान एच्छिक ब्यूरो के सदस्यो के समक्ष कुल 49 मामले आये जिसमें एच्छिक ब्यूरो के सदस्यो के प्रयास से 12 मामलों का निस्तारण हुआ तथा 02 दंपति नूरजहां/बेलाल तथा सलमा/एजाज आपसी मतभेद भुलाकर एक दुसरे के साथ रहने को राजी हुए। 01 मामले में कोर्ट जाने की सलाह दी गयी तथा 09 फाईलें पक्षकारों की उदासीनता से बन्द की गयी । अन्य मामलों के निस्तारण हेतु ब्यूरो की बैठक की अगली तारीख 22.12.2024 दी गयी है। एच्छिक ब्यूरो की बैठक में अर्चना उपाध्याय, सर्वेश दूबे, मौलवी अरशद, उ0नि0 समरजीत यादव, म0उ0नि0 राजलक्ष्मी त्रिपाठी, म0आ0 पूनम पाल, उपस्थित रही।

<u>आनलाइन डिजीटल अरेस्ट के नाम पर फ्राड की गयी सम्पूर्ण धनराशि 22000 रुपये थाना मधुबन साइबर पुलिस टीम द्वारा वापस कराया गया–</u>

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साइबर अपराध के माध्यम से आंनलाइन ठगी गयी धनराशि वापस दिलाने व साइबर अपराध पर प्रभावी कार्यवाही के परिप्रेक्ष्य में थाना मधुबन साइबर पुलिस टीम द्वारा सार्थक प्रयास करते हुए आंनलाइन ठगी के शिकार पीडित प्रमोद जायसवाल पुत्र रामप्रसाद निवासी अहिलासपुर थाना मधुबन जनपद मऊ के कुल 22000 रुपये की सम्पूर्ण धनराशि अथक परिश्रम कर उनके खाते में वापस कराया गया। आवेदक द्वारा उच्चाधिकारियों व थाना मधुबन के अधिकारी/ कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया । साइबर अपराध किसी के साथ और किसी भी प्रकार से घटित हो सकता है। बस जागरुक रहकर ही साइबर से बचा जा सकता है।

बरामदकर्ता पुलिस टीम–

प्रभारी निरीक्षक श्री संजय त्रिपाठी थाना मधुबन, अपराध निरीक्षक श्री विजय प्रताप सिंह, उ0नि0 दुर्गेश कुमार, क0आ0 पवन कुमार सिहं, का0 राहुल मौर्य, का0 शिव कुमार सरोज, म0आ0 प्रज्ञा शुक्ला थाना मधुबन जनपद मऊ ।